**भारत सरकार**

**इस्पात मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1793**

**27 जुलाई, 2022 को उत्तर के लिए**

**इस्पात खनन और उत्पादन में लगी इकाइयां**

**1793. श्रीमती रमा देवी:**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में देश में इस्पात खनन और उत्पादन में लगी इकाइयों का ब्यौरा क्या है और उनकी उत्पादन क्षमता कितनी है;

(ख) उन स्थानों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है जहां सरकारी और निजी इकाइयां इस्पात का उत्पादन कर रही हैं; और

(ग) सरकार द्वारा इस्पात उत्पादन में सुधार और वृद्धि के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**इस्पात राज्य मंत्री** **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क) और (ख): वर्ष 2021-22 के दौरान देश में इस्पात इकाइयों (सार्वजनिक एवं निजी) का राज्य-वार ब्यौरा (संख्या एवं क्षमता) **अनुलग्नक-I** में है। भारतीय खान ब्यूरो द्वारा प्रकाशित भारतीय खनिज वार्षिक पुस्तक, 2020 के अनुसार, वर्ष 2019-20 में, 250 खानों के बारे में सूचना दी गई थी, जिसमें से 36 सार्वजनिक क्षेत्र में और 214 निजी क्षेत्र में थीं।

(ग): इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है और सरकार की भूमिका एक सुविधाप्रदाता की है। इस्पात उत्पादन में वृद्धि संबंधी निर्णय कंपनी विशेष (निजी और सार्वजनिक क्षेत्र, दोनों) द्वारा बाजार की गतिशीलता के आधार पर लिया जाता है। सरकार ने देश में इस्पात उत्पादन को बढ़ाने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए हैं:-

(i) मेड इन इंडिया इस्पात की अधिप्राप्ति को बढ़ावा देने हेतु घरेलू रूप से विनिर्मित लौह एवं इस्पात उत्पाद (डीएमआई एंड एसपी) नीति को अधिसूचित करना।

(ii) घरेलू रूप से उत्पन्न स्क्रैप की उपलब्धता को बढ़ाने के लिए इस्पात स्क्रैप पुनर्चक्रण नीति को अधिसूचित करना।

(iii) गैर-मानकीकृत इस्पात के विनिर्माण और आयात को रोकने के लिए इस्पात गुणवत्ता नियंत्रण आदेश जारी करना।

(iv) 6,322 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ विशेष इस्पात के लिए उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना।

(v) इस्पात क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करने और सुगम बनाने के लिए मंत्रालय में परियोजना विकास प्रकोष्ठ की स्थापना करना।

****

**अनुलग्नक-I**

| क्रूड इस्पात: राज्य-वार, क्षेत्र-वार परिदृश्य, 2021-22 | | | |
|---|---|---|---|
| **क) सार्वजनिक क्षेत्र** | | | |
| **राज्य** | **इकाई** | **क्षमता ('000टी)** | **उत्पादन ('000टी)** |
| छत्तीसगढ़ | भिलाई इस्पात संयंत्र | 7000 | 4875 |
| पश्चिम बंगाल | दुर्गापुर इस्पात संयंत्र | 2200 | 2229 |
| ओडिशा | राउरकेला इस्पात संयंत्र | 3800 | 3987 |
| झारखंड | बोकारो इस्पात संयंत्र | 4600 | 3835 |
| पश्चिम बंगाल | इस्को इस्पात संयंत्र | 2500 | 2227 |
| पश्चिम बंगाल | एलॉय धातु इस्पात संयंत्र | 234 | 91 |
| तमिलनाडु | सेलम इस्पात संयंत्र | 180 | 119 |
| कर्नाटक | विश्वेश्वरैया आयरन एंड स्टील लिमिटेड | 118 | 0 |
| कुल: स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) | | 20632 | 17363 |
| आंध्रप्रदेश | राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) | 6300 | 5272 |
| **कुल सार्वजनिक क्षेत्र** | | **26932** | **22636** |

| ख) निजी क्षेत्र | | | |
|---|---|---|---|
| **राज्य** | **इकाई** | **क्षमता ('000टी)** | **उत्पादन ('000टी)** |
| अरुणाचल प्रदेश | 1 | 72 | 69 |
| असम | 8 | 163 | 108 |
| बिहार | 12 | 812 | 529 |
| झारखंड | 25 | 15906 | 13260 |
| मेघालय | 6 | 201 | 56 |
| ओडिशा | 56 | 20787 | 19254 |
| त्रिपुरा | 1 | 30 | 17 |
| पश्चिम बंगाल | 42 | 6469 | 4288 |
| छत्तीसगढ़ | 94 | 13900 | 10024 |
| दादरा और नगर हवेली | 14 | 286 | 253 |
| दमन और दीव | 3 | 50 | 46 |
| गोवा | 10 | 495 | 407 |
| गुजरात | 75 | 13512 | 9189 |
| मध्य प्रदेश | 13 | 987 | 569 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| महाराष्ट्र | 62 | 18038 | 11370 |
| दिल्ली | 2 | 16 | 5 |
| हरियाणा | 15 | 1056 | 941 |
| हिमाचल प्रदेश | 26 | 1740 | 1265 |
| जम्मू और कश्मीर | 8 | 189 | 146 |
| पंजाब | 117 | 5506 | 3663 |
| राजस्थान | 28 | 933 | 621 |
| उत्तर प्रदेश | 39 | 1606 | 1197 |
| उत्तराखंड | 40 | 1512 | 991 |
| आंध्र प्रदेश | 19 | 2212 | 1824 |
| कर्नाटक | 25 | 14131 | 13045 |
| केरल | 27 | 473 | 325 |
| पुदुचेरी | 10 | 451 | 215 |
| तमिलनाडु | 87 | 3564 | 2514 |
| तेलंगाना | 27 | 2033 | 1464 |
| **कुल: निजी क्षेत्र** | **892** | **127130** | **97658** |

| **अखिल भारतीय (सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र)** | | | |
|---|---|---|---|
| **क्षेत्र** | **इकाइयां** | **क्षमता ('000टी)** | **उत्पादन ('000टी)** |
| सार्वजनिक क्षेत्र | 9 | 26932 | 22636 |
| निजी क्षेत्र | 892 | 127130 | 97658 |
| **कुल** | **901** | **154062** | **120294** |

स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी)